समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# बीड मे संनसनी : युवक की आंखों मे मिर्च पाउडर फेकंकर कत्ती और रॉड से हमला, पांच आरोपियों पर केस

Sanket Morankar Published on 14 Mar 2026



Beed जिले में दिनदहाड़े हुई एक सनसनीखेज घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। केज तालुका के तांबवा इलाके में संग्राम चाटे नाम के युवक पर पांच लोगों की एक गैंग ने जानलेवा हमला कर दिया।

हमलावरों ने पहले युवक की आंखों में **मिर्च पाउडर फेकंा** और फिर कत्ती तथा लोहे की रॉड से उस पर बेरहमी से हमला किया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कैसे हुआ हमला

जानकारी के अनुसार संग्राम चाटे तांबवा इलाके से गुजर रहा था, तभी पांच लोगों की एक टोली ने उसे रास्ते में रोक लिया।

हमलावरों ने पहले उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डालकर उसे असहाय कर दिया और इसके बाद कत्ती और लोहे की रॉड से लगातार वार किए। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।

धमकी देकर लिए नाम

हमले के दौरान आरोपियों ने कुछ लोगों के नाम लेते हुए धमकियां भी दीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने “तुम्हारा बाप जयराम चाटे आने वाला है” जैसी धमकी देते हुए हमला किया।

मामले में **जयराम चाटे और कृष्णा आंधळे** के नाम का भी जिक्र होने से घटना और ज्यादा गंभीर हो गई है।

पुलिस ने दर्ज किया केस

घटना के बाद पीड़ित को तुरंत केज के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

Maharashtra Police के तहत आने वाले केज पुलिस स्टेशन में पांच आरोपियों के खिलाफ **हत्या के प्रयास** सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पैरोल पर बाहर आया आरोपी

जानकारी के मुताबिक संतोष देशमुख हत्याकांड का आरोपी जयराम चाटे करीब 14 महीने बाद कुछ घंटों के लिए जेल से पैरोल पर बाहर आया था। बताया जा रहा है कि वह अपने भाई के बारहवें कार्यक्रम के लिए गांव आया था।

उसके आने से पहले ही उसके नाम का हवाला देकर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की गई।

इलाके में डर का माहौल

दिनदहाड़े हुई इस वारदात से केज तालुका में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.